[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, बुधवार, 22 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 263, प्रधान संपादक: पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

**अनमोल वचन**

प्राण क्या है देशहित के लिए, देश खोकर हम जिए तो क्या जिए।

ी आपत्ति के ... 02

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

03 लुक चेंज

## खबर संक्षेप

### भारी बारिश और बादल फटने के बाद कारगिल पुलिस ने संभाला मोर्चा

**कारगिल @ पदमावत मीडिया।** लगातार दो दिनों से हो रही भारी बारिश और चिकतन,



पनिखार, बुदगाम/करकिच्छू तथा बटालिक क्षेत्र में बादल फटने की घटनाओं के बाद कारगिल पुलिस ने राहत एवं बचाव अभियान तेज कर दिया है। फ्लैश फ्लड के कारण कई स्थानों पर सड़कें, भूमि और मशीनरी क्षतिग्रस्त हुई हैं, जबकि पुलिस एवं प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य में जुटे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों को अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस ने लोगों से नदी-नालों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील स्थानों से दूर रहने तथा अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। पुलिस, जिला प्रशासन और सेना संयुक्त रूप से राहत एवं पुनर्वास कार्य में जुटे हैं। अब तक जिले में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

### जांस्कर पुलिस ने विदेशी नागरिक को मादक पदार्थों के साथ किया गिरफ्तार

**जांस्कर/लद्दाख @ पदमावत मीडिया।** जांस्कर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के



खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक इजरायली नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चरस, गांजा और हेरोइन जैसा संदिग्ध मादक पदार्थ बरामद किया गया। मामले में एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी आदिर येमिनी (24), निवासी इजरायल, मनाली से जांस्कर की ओर जा रही एक निजी कार में यात्रा कर रहा था। करग्याक-गोनबो रंगजोन पुलिस चेक पोस्ट पर नियमित जांच के दौरान तलाशी लेने पर उसके पास से 104 ग्राम चरस जैसा पदार्थ, 16 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ तथा अल्प मात्रा में हेरोइन जैसा संदिग्ध पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### डीजीपी ने सात अधिकारियों को लगाई आईपीएस रैंक

**भोपाल @ पदमावत मीडिया। भोपाल।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में भारतीय



पुलिस सेवा (चयन सूची-2025) के तहत नियुक्त मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा के सात अधिकारियों को आईपीएस रैंक लगाई। उन्होंने अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका कार्य एवं व्यवहार अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनना चाहिए। डीजीपी ने कहा कि यह उपलब्धि अधिकारियों की निष्ठा, समर्पण और उत्कृष्ट सेवा का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी अधिकारी भविष्य में भी प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने और प्रभावी नेतृत्व देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर निमिषा पाण्डेय, मलय जैन, अमित सक्सेना, मनीषा पाठक सोनी, सुमन गुर्जर, सब्यसाची सराफ एवं समर वर्मा को भारतीय पुलिस सेवा की रैंक प्रदान की गई।

## पंचायत से विधानसभा स्तर तक मिलेगा प्रतिभा दिखाने का मंच, युवाओं के नेतृत्व और रोजगार को मिलेगी नई दिशा

# मुख्यमंत्री युवा सुयोग योजना का शुभारंभ: खेल, कौशल और रोजगार से जुड़ेगा राजस्थान का युवा

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के युवाओं को खेल, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा सुयोग योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी और पंचायत से लेकर विधानसभा स्तर तक युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। योजना की शुरूआत पायलट परियोजना के रूप में बगरू विधानसभा क्षेत्र और बारां जिले से की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी युवा है और यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। मुख्यमंत्री युवा सुयोग प्लेटफॉर्म युवाओं को सही दिशा, अवसर और मंच उपलब्ध कराएगा। इसके माध्यम से क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल जैसे खेलों के जरिए पंचायत और वार्ड स्तर पर युवा नेतृत्व विकसित किया जाएगा। इस प्लेटफॉर्म को माय भारत पोर्टल से भी जोड़ा जाएगा, जिससे अधिकाधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पंचायत और वार्ड स्तर से प्रतियोगिताएं आयोजित करेगी, जिनके










विजेता विधानसभा स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए युवाओं का ऑनलाइन पंजीकरण कराया जाएगा तथा स्कूलों, महाविद्यालयों, पंचायतों और वार्डों के खेल मैदानों की डिजिटल पहचान भी की जाएगी। प्रत्येक जिले में सुयोग युवा क्लब स्थापित किए जाएंगे, जो पंचायत और वार्ड स्तर के युवा क्लबों से जुड़े रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। पिछले ढाई वर्षों में 1.78 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, लगभग 1 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है और सवा लाख पदों के लिए भर्ती कैलेंडर जारी किया गया है। इसके अलावा 4.50 लाख से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। राज्य सरकार ने राजस्थान कौशल नीति-2025 और राजस्थान युवा नीति-2025 भी लागू की है, जबकि लाखों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री युवा सुयोग योजना प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा को नई पहचान देने के साथ उन्हें नेतृत्व, कौशल और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी।

# महिला सुरक्षा संकल्प अभियान: बालोतरा पुलिस ने 110 महिला स्वयंसेवकों का किया सम्मान

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**बालोतरा।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यमहिला सुरक्षा संकल्पह्न अभियान के तहत बालोतरा पुलिस ने महिला स्वयंसेवकों के साथ संवाद कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 110 महिला स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया तथा महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें महिला सुरक्षा सखी, महिला सीएलजी सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राजीविका समूह की प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं की सदस्य, विद्यालयों की प्राचार्य, महिला अधिवक्ता, आशा सहयोगिनी, गृहिणियां तथा छात्रावास वार्डन सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने






भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को राजकॉप सिटिजन एप, महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930, साइबर सुरक्षा के आवश्यक सावधानियों, महिला बीट अधिकारी योजना, महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण, वरिष्ठ नागरिक सम्मान योजना, नवीन न्याय संहिता तथा महिलाओं से जुड़े अपराधों में कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध या अन्य अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने और उपलब्ध हेल्पलाइन एवं ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। बालोतरा पुलिस ने बताया कि ह्यमहिला सुरक्षा संकल्पह्न अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, उन्हें उनके अधिकारों और कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना तथा पुलिस और समाज के बीच विश्वास एवं सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करना है। अभियान के तहत आगामी दिनों में भी जिलेभर में ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मुंबई में पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला, दो आरोपी गिरफ्तार



**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर पुलिस थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार 19 जुलाई 2026 की रात लगभग 11 बजे घाटकोपर (पश्चिम) स्थित भटवाड़ी, बेरगनगर क्षेत्र में 50 वर्षीय सायमन सेबेस्टियन फर्नांडिस पर दो आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। पहले आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट की और इसके बाद एक आरोपी ने चाकू से चेहरे और सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर 20 जुलाई 2026 को घाटकोपर पुलिस स्टेशन में हत्या के प्रयास सहित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## मध्यप्रदेश पुलिस का नशे के खिलाफ बड़ा अभियान, तीन दिन में 82 लाख से अधिक के मादक पदार्थ व वाहन जब्त





**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के साथ प्रदेशभर में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। पिछले तीन दिनों में विभिन्न जिलों में अभियान चलाकर पुलिस ने 82 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को जब्त किया तथा कई तस्करों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए। पुलिस की कार्रवाई में सबसे बड़ी सफलता नीमच और मंदसौर जिलों में मिली, जहां बड़ी मात्रा में डोडाचूरा, अफीम और एमडी ड्रग्स बरामद की गई। वहीं अशोकनगर, खरगोन, शिवपुरी, इंदौर, नरसिंहपुर, गुना, जबलपुर, कटनी और भोपाल में गांजा, स्मैक, ब्राउन शुगर एवं अन्य मादक पदार्थ जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मध्यप्रदेश पुलिस ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार में शामिल अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। साथ ही आमजन से भी नशे के खिलाफ अभियान में सहयोग करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई है।

## रीको की प्रत्यक्ष भूखंड आवंटन योजना का 12वां चरण शुरू

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** राइजिंग राजस्थान के तहत रीको ने प्रत्यक्ष औद्योगिक भूखंड आवंटन योजना का 12वां चरण शुरू किया है। 15 से 28 जुलाई तक चलने वाली योजना में कुरज और बागड़ औद्योगिक क्षेत्रों के 209 भूखंड आवंटन के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील कुमार मीणा ने बताया कि कुरज औद्योगिक क्षेत्र में भूखंडों की आवंटन दर में 40 प्रतिशत की कमी की गई है। इच्छुक निवेशक 28 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि एक से अधिक आवेदन होने पर 31 जुलाई को ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन गंभीर, जाम, ब्लैकस्पॉट और अतिक्रमण पर कलेक्टर के सख्त निर्देश

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे पेंसिल डिवाइडर एवं अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कार्यों की गति बढ़ाने तथा नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय में इन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रतापनगर से पुराने आरटीओ कार्यालय तक लगने वाले यातायात जाम पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रभावी यातायात प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा इस मार्ग पर प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




### गुड सेमेरिटन का जिला स्तर पर होगा सम्मान

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की ओर से बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता करने वाले चार गुड सेमेरिटन (सद्भावी नागरिकों) को सम्मानित किया जाएगा। इस पर जिला कलेक्टर ने ऐसे नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर भी सम्मानित करने की बात कही।

### ब्लैकस्पॉट पर जल्द लगेंगे संकेतक, 15 अगस्त तक हटेंगे अतिक्रमण

जिले में चिन्हित ब्लैकस्पॉट्स पर संकेतक एवं साइनेज बोर्ड लगाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जहां अभी तक संकेतक एवं साइनेज बोर्ड स्थापित नहीं हुए हैं, वहां शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। बैठक में न्यायालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्गों के निकट अवैध अतिक्रमण हटाने के अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई 15 अगस्त तक हर हाल में पूर्ण की जाए। बैठक में एडीएम (सिटी) जितेंद्र ओझा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, अधीक्षण अभियंता (पीडब्ल्यूडी) अभिनंदन कुमार जैन सहित विभिन्न विभागों के सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनडीपीएस एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**जैसलमेर @ पदमावत मीडिया।** वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में लंबे समय से फरार आरोपी चिरागगिरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस मामले में आगे अनुसंधान कर रही है।

## अवैध बजरी परिवहन के दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**जैसलमेर @ पदमावत मीडिया।** सदर थाना पुलिस ने अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान के तहत बजरी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सूबेदार-उप निरीक्षक भर्ती: दस्तावेज परीक्षण 27 जुलाई को

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस की सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग भर्ती-




2025 में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज परीक्षण, चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल परीक्षण 27 जुलाई को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर स्थित चार नोडल केन्द्रों पर आयोजित किए जाएंगे। चयन मण्डल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर सभी मूल दस्तावेजों के साथ संबंधित नोडल केन्द्र पर उपस्थित होना होगा। नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी चयन मण्डल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा, लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर में आयुक्त ओमप्रकाश कसेरा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की



प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा के लिए बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ऋण से संबंधित लंबित आवेदनों की बैंकवार समीक्षा की गई। आयुक्त ने 100 से अधिक लंबित आवेदनों वाले बैंकों को विशेष अभियान चलाकर अगले 15 दिनों में अधिकतम ऋण वितरण सुनिश्चित करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 24 जुलाई को होगी पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा-2026 का आयोजन 24 जुलाई, 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं। जिले में परीक्षा के लिए कुल 84 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 51 राजकीय तथा 33 निजी परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। परीक्षा में कुल 26,427 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। इनमें 12,854 अभ्यर्थी राजकीय तथा 13,573 अभ्यर्थी निजी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे।

परीक्षा के जिला समन्वयक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर-पूर्व) नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने से दो घंटे पूर्व अर्थात प्रातः 9:00 बजे से परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए जिला कलक्ट्रेट जयपुर के कक्ष संख्या 116 में जिला स्तरीय परीक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 22 एवं 23 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक तथा 24 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा।

### ट्रांसफोरमेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के




ट्रांसफोरमेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, बच्चों के अधिकार, विधिक संरक्षण तथा एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। शिविरों में विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, कानूनी प्रावधान, सुरक्षित जीवनशैली तथा निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

## सलूंबर में मिलावट पर खाद्य सुरक्षा विभाग का सख्त प्रहार

# विशेष अभियान के तहत डेयरियों व दूध एकत्रीकरण केंद्रों से लिए गए 5 नमूने, जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले में दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण टी. शुभ मंगला के निर्देश तथा जिला कलेक्टर मोहम्मद जुनैद पी.पी. एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार परमार के निर्देशन में सोमवार को जिले की विभिन्न डेयरियों और दूध एकत्रीकरण केंद्रों पर सघन निरीक्षण करते हुए पांच दूध के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी के नेतृत्व में टीम ने सबसे पहले केवड़ा स्थित केवड़ा दूध डेयरी एवं जय मुलेश्वरी डेयरी का निरीक्षण कर दूध के नमूने लिए। इसके बाद धावड़िया स्थित दूध एकत्रीकरण केंद्र की जांच की गई। उल्लेखनीय है कि इस केंद्र से पूर्व में लिया गया





दूध का नमूना अमानक पाया गया था, जिसके संबंध में विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जा चुका है। विभाग ने इस केंद्र से दोबारा नमूना लेकर गुणवत्ता की पुनः जांच शुरू की है।

इसके बाद टीम ने सलूंबर स्थित मैसर्स हरि ओम दूध डेयरी तथा मैसर्स राजस्थान दूध डेयरी का निरीक्षण कर वहां से भी दूध के नमूने एकत्रित किए। अभियान के दौरान कुल पांच नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### गुणवत्तायुक्त दूध उपलब्ध कराना प्राथमिकता

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) डॉ. महेंद्र कुमार परमार ने कहा कि ऋतु परिवर्तन के दौरान आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त दूध उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिलेभर में डेयरियों, दूध संग्रहण केंद्रों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण और नमूनीकरण अभियान लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिए कि वे खाद्य अनुज्ञा पत्र (एफएसएसएआई लाइसेंस) बनवाकर प्रतिष्ठान पर प्रदर्शित करें, खाद्य सामग्री खुले में नहीं बेचें तथा खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें।

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी, प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश पुष्करणा एवं निशा मीना तथा सहायक शूरवीर सिंह उपस्थित रहे।

# राजस्थान पुलिस का बड़ा साइबर एक्शन: 12.09 करोड़ की ऑनलाइन गोल्ड ट्रेडिंग ठगी का भंडाफोड़

## मुंबई से फर्जी फाइनेंस कंपनी की महिला निदेशक गिरफ्तार, देशभर में फैले साइबर नेटवर्क की जांच तेज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के स्टेट साइबर क्राइम थाना ने ऑनलाइन गोल्ड ट्रेडिंग के नाम पर 12 करोड़ 9 लाख 65 हजार 512 रुपये की साइबर ठगी के बहुचर्चित मामले का बड़ा खुलासा करते हुए फर्जी फाइनेंस कंपनी गोल्डन लीजेंड लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड की निदेशक दिव्या सिंह कुशवाहा को मुंबई से गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि साइबर ठगी में इस्तेमाल किए गए वर्चुअल मर्चेंट खातों के संचालन में कंपनी की अहम भूमिका थी। मामले में मुख्य आरोपी जयंता रॉय सहित अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। महानिदेशक, साइबर क्राइम संजय अग्रवाल ने बताया कि स्टेट साइबर क्राइम थाना, जयपुर में 9 दिसंबर 2025 को दर्ज प्रकरण में परिवादी ने शिकायत दी थी कि व्हाट्सएप के माध्यम से उसे गोल्ड ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच देकर www.kdeonegold.net नामक फर्जी वेबसाइट पर निवेश कराया गया और विभिन्न बैंक खातों एवं वर्चुअल खातों में 12.09 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा करवाकर साइबर ठगी की गई।

#### मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों रुपये हड़पे

जांच में सामने आया कि साइबर अपराधियों ने पहले व्हाट्सएप के जरिए संपर्क कर पीड़ित को फर्जी गोल्ड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से जोड़ा। शुरूआत में वर्चुअल वॉलेट में काल्पनिक लाभ दिखाकर उसका विश्वास जीता गया और बाद में लगातार अधिक निवेश करवाया गया। जब पीड़ित ने अपनी राशि निकालने का प्रयास किया तो आयकर, प्रोसेसिंग शुल्क, अकाउंट अनफ्रीज शुल्क और अन्य शुल्कों के नाम पर बार-बार अतिरिक्त



रकम जमा करवाई गई। करोड़ों रुपये जमा कराने के बावजूद न तो निवेश की गई राशि लौटाई गई और न ही निकासी की अनुमति दी गई।

#### वित्तीय जांच में सामने आया बड़ा साइबर नेटवर्क

एडीजी साइबर क्राइम के निर्देशन में स्टेट साइबर क्राइम थाना की टीम ने तकनीकी एवं वित्तीय साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच में पता चला कि साइबर ठगी में उपयोग किए गए वर्चुअल मर्चेंट खाते प्राइम इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड को उपलब्ध कराए गए थे, जिनका संचालन गोल्डन लीजेंड लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा था।

जांच के दौरान ऑनबोर्डिंग, केवाईसी, ड्यू डिलिजेंस, रिस्क मॉनिटरिंग और फ्रॉड डिटेक्शन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। साथ ही इन खातों के खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल 1930 पर देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज होना भी पाया गया।

#### मुंबई से महिला निदेशक गिरफ्तार, पांच दिन की पुलिस रिमांड

मामले में पूर्व में आरोपी इकबाल अहमद के विरुद्ध अनुसंधान पूर्ण कर न्यायालय में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। आगे की जांच में कंपनी के निदेशकों की भूमिका प्रमाणित होने पर साइबर थाना जयपुर की टीम ने मुंबई में कार्रवाई करते हुए कंपनी की निदेशक दिव्या सिंह कुशवाहा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का पांच दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त कर धन के प्रवाह (मनी ट्रेल), फरार आरोपियों की भूमिका, डिजिटल साक्ष्यों तथा साइबर नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

#### देशभर के पीड़ितों की पहचान में जुटी पुलिस

राजस्थान पुलिस मामले में उपयोग किए गए बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और अन्य डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण कर पूरे गिरोह की पहचान करने में जुटी है। साथ ही राजस्थान सहित अन्य राज्यों में इस नेटवर्क से ठगी के शिकार हुए लोगों का भी पता लगाया जा रहा है, ताकि उन्हें न्याय दिलाया जा सके।

#### इन अधिकारियों ने निभाई अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थानाधिकारी गजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम के अनुसंधान अधिकारी पुलिस निरीक्षक अमृता सिंह, उप निरीक्षक मुकेश कुमार तथा कांस्टेबल बोदूराम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### राजस्थान पुलिस की आमजन से अपील

राजस्थान पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक या गारंटीड रिटर्न का लालच देने वाले किसी भी निवेश प्रस्ताव पर भरोसा न करें। केवल अधिकृत एवं विश्वसनीय निवेश प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें। व्हाट्सएप, टेलीग्राम या अन्य सोशल मीडिया पर मिलने वाले निवेश प्रस्तावों की पहले पूरी तरह जांच करें। अपनी ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक विवरण या अन्य गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। यदि किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

## आपदा प्रबंधन को लेकर द्रास पुलिस की युवा स्वयंसेवकों के साथ बैठक



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**द्रास/लद्दाख।** प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए जिला पुलिस द्रास ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए युवा स्वयंसेवकों की बैठक आयोजित की। बैठक में आपदा की स्थिति में समन्वित एवं त्वरित राहत कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्वयंसेवकों से सतर्क रहने, आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन का सहयोग करने तथा स्थानीय स्तर पर सही और प्रमाणित जानकारी आमजन तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में मस्जिदों के माध्यम से भी सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित करने पर बल दिया गया। स्वयंसेवकों ने जिला प्रशासन और लद्दाख पुलिस को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा जताया। इस दौरान थाना प्रभारी द्रास भी मौजूद रहे।

## रिंछेड़ में ग्रामीण सेवा शिविर फॉलोअप कैंप, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत ग्राम पंचायत रिंछेड़ में फॉलोअप कैंप आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करते हुए राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया। शिविर में जियो कंपनी द्वारा लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़क और नालियों की शिकायत पर संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग ने अभिलेखों का शुद्धिकरण एवं नामांतरण प्रकरण का निस्तारण किया, जबकि चिकित्सा, आयुर्वेद और पशुपालन विभागों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार सेवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर में कुछ विभागों के अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए।

## फर्जी डीएसटी टीम बनकर युवक का अपहरण करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 8 आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** उदयपुर की सुखेर थाना पुलिस ने फर्जी डीएसटी (जिला विशेष टीम) बनकर एक युवक का अपहरण करने, उसके साथ मारपीट कर फिरौती मांगने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त टाटा नेक्सन कार भी जब्त कर ली है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा तथा पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार 13 जुलाई 2026 को दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित महेन्द्र सिंह (27) ने बताया कि वह 12 जुलाई की रात अंबेरी स्थित एक होटल में ठहरा हुआ था। इसी दौरान कुछ



लोग कार लेकर पहुंचे और स्वयं को डीएसटी पुलिस टीम का सदस्य बताकर उसे जबरन होटल से उठा ले गए। आरोपियों ने उसे जंगल में ले जाकर मारपीट की और पैसों की मांग की। बाद में उसे छोड़कर फरार हो गए। शिकायत पर सुखेर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, रविराज सिंह, संदीप सिंह, मंगल सिंह, विक्रम सिंह, हिम्मत सिंह तथा राहुल उर्फ रोहित सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के विरुद्ध पहले से भी विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। मामले में अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

## पाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई: मकान में उगाई जा रही गांजे की खेती का भंडाफोड़, 13 पौधों के साथ आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**पाली @ पदमावत मीडिया।** जिले की रानी थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान परिसर में अवैध रूप से की जा रही गांजे की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 10.820 किलोग्राम वजन के 13 गांजे के पौधे बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी आनंद कुमार के नेतृत्व में 20 जुलाई को गुड़ा मेहराम गांव में कार्रवाई की गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी के मकान परिसर की तलाशी ली, जहां बिना किसी वैध अनुमति के गांजे के पौधों की खेती की जा रही थी। तलाशी के दौरान 13 गांजे के पौधे, जिनका कुल वजन 10.820 किलोग्राम था, जब्त किए गए।

# राजस्थान पुलिस की एएनटीएफ का ऐतिहासिक प्रहार: 9 माह में 80 इनामी मादक तस्कर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी के संगठित नेटवर्क पर लगातार प्रहार कर रही राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा तथा अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के मार्गदर्शन में संचालित अभियान एएनटीएफ का वार : डायमंड जुबली के पार के तहत महज नौ माह में 80 इनामी मादक तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया। इन सभी अपराधियों पर कुल 21 लाख 28 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई राजस्थान पुलिस के नशा मुक्त राजस्थान अभियान की दिशा में अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है। गिरफ्तार किए गए कई तस्कर वर्षों से फरार चल रहे थे और अंतरराज्यीय नेटवर्क के माध्यम से युवाओं तक मादक पदार्थ पहुंचा रहे थे।

#### 8 राज्यों में फैला था तस्करों का नेटवर्क

एएनटीएफ ने राजस्थान सहित आठ राज्यों में समन्वित अभियान चलाकर तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त किया। तकनीकी निगरानी और मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर राजस्थान के 64, मध्य प्रदेश के 10, गुजरात के 2, पंजाब के 2, हरियाणा के 1, तथा केरल,




झारखंड और पश्चिम बंगाल में छिपे तस्करों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। ये आरोपी विभिन्न राज्यों में रहकर राजस्थान सहित अन्य क्षेत्रों में मादक पदार्थों की आपूर्ति कर रहे थे।

#### 'टॉप-25' सूची के बड़े तस्कर भी गिरफ्त में

राज्य स्तर पर घोषित 'टॉप-25' सूची में शामिल चार बड़े तस्करों को भी एएनटीएफ ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार 80 आरोपियों में से 65 अपराधियों पर 25 हजार रुपये या उससे अधिक का इनाम घोषित था। इनमें दो अपराधियों पर एक लाख रुपये से अधिक तथा नौ अपराधियों पर 50 हजार रुपये से अधिक का इनाम था। इसके अलावा 16 आरोपी ऐसे थे जो पिछले 5 से 10 वर्षों से फरार चल रहे थे और लगातार कानून से बचते हुए नशे का कारोबार संचालित कर रहे थे।

#### चरवाहा, कंपाउंडर और लाइनमैन बनकर पहुंची पुलिस

फरार तस्करों तक पहुंचने के लिए एएनटीएफ ने कई बार अनोखी रणनीति अपनाई। पुलिसकर्मियों ने चरवाहा, कंपाउंडर, बिजली लाइनमैन, जनगणना कर्मी, मजदूर, ठेकेदार और किराएदार जैसे विभिन्न रूप धारण कर तस्करों के ठिकानों की गोपनीय जानकारी जुटाई। सही समय पर कार्रवाई करते हुए बिना किसी भनक के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

#### पांच विशेष टीमों ने मिलकर चलाया अभियान

पूरे अभियान में एएनटीएफ की पांच विशेष टीमें डेल्टा, विक्टर, सैमसन, रूद्रा और रैंडी ने समन्वित तरीके से कार्रवाई की। ऑपरेशन की गोपनीयता बनाए रखने के लिए इन अभियानों को नीलमणि, विषाणुबाहु, मदमार्जार और खर-दूषण जैसे सांकेतिक नाम भी दिए गए।

#### अब 'नार्को-25' और अवैध संपत्तियां निशाने पर

आईजीपी विकास कुमार ने बताया कि 80 इनामी तस्करों की गिरफ्तारी के बाद अब एएनटीएफ का अगला लक्ष्य 'नार्को-25' सूची में शामिल बड़े मादक तस्करों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना और उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों पर कानूनी कार्रवाई करना है।

#### आमजन से सहयोग की अपील

राजस्थान पुलिस ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को मादक पदार्थों की तस्करी या उससे जुड़े अपराधियों के संबंध में कोई जानकारी हो तो वह एएनटीएफ कंट्रोल रूम के दूरभाष 0141-2502877 अथवा व्हाट्सएप 9261225056 पर सूचना दे सकता है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## खबर संक्षेप

**अंडमान पुलिस की बड़ी कार्रवाई:**

### देर रात छापेमारी में 2.145 किलोग्राम गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार


**पोर्ट ब्लेयर/श्री विजयपुरम @ पदमावत मीडिया।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस की



एंटी-नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन (एएनपीएस), सीआईडी टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए देर रात एक घर पर छापा मारकर 2.145 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार विश्वसनीय सूचना मिली थी कि श्री विजयपुरम के बाथू बस्ती स्थित सीएआरआई रोड पर एक किराए के मकान में अवैध रूप से गांजे का भंडारण कर स्थानीय बाजार में बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर एंटी-नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन की टीम ने तत्काल छापेमारी की योजना बनाई और सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मकान की तलाशी ली। छापेमारी के दौरान श्यामपदा मंडल (41) निवासी बाथू बस्ती के कब्जे से 2.145 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद पदार्थ की प्रारंभिक जांच ड्रग डिटेक्शन किट से की गई, जिसमें उसके गांजा होने की पुष्टि हुई। इसके बाद मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई एंटी-नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक के. बिनोज के नेतृत्व में तथा उप पुलिस अधीक्षक (नारकोटिक्स) सुमा मड्डा के पर्यवेक्षण में की गई। संपूर्ण अभियान की निगरानी सीआईडी के उप महानिरीक्षक जितेंद्र कुमार मीणा ने की। पुलिस अब मादक पदार्थ की आपूर्ति श्रृंखला और इससे जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है। अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी मादक पदार्थों की तस्करी या अवैध बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### श्री वृंदावन धाम का 15वां पाटोत्सव आज, अखंड संकीर्तन शुरू

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आजाद विहार, तीतरड़ी स्थित श्री वृंदावन धाम आश्रम-राधे कृष्ण मंदिर के 15वें पाटोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार से 24 घंटे का अखंड महामंत्र संकीर्तन शुरू हुआ। आश्रम पीठाधीश्वर संत कृष्णानंद महाराज ने रुद्र कलश स्थापना के साथ संकीर्तन का शुभारंभ किया। बुधवार को भड़ल्या नवमी पर महाआरती, ध्वजा परिवर्तन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।



### 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला शुरू, युवा सीख रहे अभिनय की बारीकियां

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पेलदूज आर्ट सोसायटी एवं मौलिक ऑर्गनाईजेशन ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स के



संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला मंगलवार से शुरू हुई। यह कार्यशाला 5 अगस्त तक विकल्प क्लासेस, सेक्टर-3 में आयोजित होगी। कार्यशाला में प्रतिभागियों को थिएटर एवं कैमरा एक्टिंग, वॉइस, बॉडी मूवमेंट, संवाद अदायगी और अभिनय के विभिन्न सिद्धांतों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का संचालन फिल्म एवं रंगमंच अभिनेता शुभम आमेटा तथा जतिन भरवानी कर रहे हैं।

### अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, 40.20 लाख का हायवा टिपर जब्त

**नांदेड़ @ पदमावत मीडिया।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में रामतीर्थ पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 40.20 लाख रुपये मूल्य का हायवा टिपर और रेत जब्त की है। मामले में चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार मुखेड-नरसी मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान बिना वैध अनुमति रेत परिवहन करते हायवा टिपर को रोका गया।



# राजस्थान में साइबर अपराध पर अब सबसे बड़ा प्रहार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** प्रदेश में साइबर वित्तीय अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने अब 'जीरो टाइम लैग' रणनीति लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की विशेष साइबर समन्वय बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि साइबर ठगी की शिकायत मिलते ही बैंकों की प्रतिक्रिया तत्काल हो, ताकि ठगी की राशि समय रहते रोकी जा सके और पीड़ितों को शीघ्र राहत मिल सके। बैठक में राजस्थान पुलिस, प्रमुख बैंकों, गृह विभाग, वित्त विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए व्यापक रणनीति तैयार करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।



#### 1930 हेल्पलाइन और बैंकों के बीच होगा शून्य के करीब रिस्पॉन्स टाइम

मुख्य सचिव ने कहा कि साइबर ठगी के मामलों में सबसे महत्वपूर्ण समय शुरूआती कुछ मिनट होते हैं। इसलिए शिकायत दर्ज होने और बैंक द्वारा खाते को होल्ड करने के बीच का समय न्यूनतम किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बहुत कम मामलों में ही समय रहते राशि रोकी जा पा रही है, जिसे सुधारना आवश्यक है। इसके लिए सभी बैंक अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय स्थित 1930 साइबर हेल्पलाइन कॉल सेंटर का दौरा कर पूरी कार्यप्रणाली समझने के निर्देश दिए गए हैं।

#### 190 बैंक शाखाओं पर एआई आधारित निगरानी

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश की 190 चिन्हित हॉटस्पॉट बैंक शाखाओं तथा संदिग्ध एटीएम स्थलों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली लागू की जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस द्वारा नियमित औचक निरीक्षण भी किए जाएंगे, जिससे साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

#### संदिग्ध खातों पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संदिग्ध बैंक खातों और म्यूल अकाउंट्स के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बिना भौतिक सत्यापन के बड़ी राशि वाले चालू खाते खोलने की प्रक्रिया पर रोक लगाने तथा उच्च जोखिम वाले खातों का पुनः सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की साइबर अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराधियों और उनके नेटवर्क पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

#### वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और केवाईसी जागरूकता पर विशेष फोकस

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि बैंक अपने ग्राहकों तक केवाईसी संबंधी सूचनाएं केवल प्रमाणित माध्यमों से ही पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि साइबर ठग अक्सर फर्जी कॉल, संदेश और लिंक के माध्यम से लोगों को निशाना बनाते हैं। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक करने के लिए बैंक शाखाओं में विशेष सहायता व्यवस्था विकसित की जाएगी।

#### पीड़ितों को जल्द मिलेगी राहत

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) एवं ग्रीवेंस रिड्रेसल पोर्टल (जीआरएम) के माध्यम से साइबर ठगी के पीड़ितों को राशि वापस दिलाने की प्रक्रिया और अधिक तेज एवं सरल बनाई जाएगी। साथ ही भारी नकद निकासी, समय से पहले सावधि जमा तुड़वाने तथा बैंक खाते किराए पर देने जैसी संदिग्ध गतिविधियों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी।

#### बैंक प्रतिनिधि करेंगे 1930 कॉल सेंटर का दौरा

मुख्य सचिव ने बताया कि बुधवार को सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि पुलिस मुख्यालय स्थित 1930 साइबर हेल्पलाइन कॉल सेंटर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे शिकायत दर्ज होने से लेकर खाते को होल्ड करने तक की पूरी प्रक्रिया का अध्ययन करेंगे, ताकि भविष्य में पुलिस और बैंकों के बीच समन्वय और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। राज्य सरकार, राजस्थान पुलिस और बैंकिंग संस्थानों के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में सुरक्षित, पारदर्शी और भरोसेमंद डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था विकसित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की वित्तीय साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# प्रवासी दुग्ध व्यवसायियों की चिंता लेकर महाराष्ट्र सरकार तक पहुंचे महाराणा विश्वराज सिंह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर/मुंबई।** मेवाड़ की परंपरा सदैव अपने लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने की रही है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए उदयपुर के महाराणा एवं नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने महाराष्ट्र में दुग्ध व्यवसाय से जुड़े मेवाड़ मूल के हजारों प्रवासी परिवारों की समस्याओं को लेकर महाराष्ट्र सरकार से राहत देने की मांग उठाई है। महाराणा विश्वराज सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा खुले दूध के व्यवसाय के लिए लागू किए गए नए नियमों के पालन हेतु दुग्ध व्यवसायियों को 9 माह की अतिरिक्त समय-सीमा प्रदान करने का आग्रह किया है।



अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि मुंबई सहित महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में मेवाड़ संभाग के राजसमंद, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा तथा नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के हजारों परिवार वर्षों से दुग्ध व्यवसाय के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहे हैं। इनमें अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं और नए नियमों के तत्काल प्रभाव से लागू होने के कारण उनके सामने रोजगार और आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

महाराणा विश्वराज सिंह ने कहा कि सरकार को इस विषय में संवेदनशील एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए दुग्ध व्यवसायियों को नई तकनीकी व्यवस्था, पैकेजिंग प्रणाली तथा अन्य आवश्यक संसाधनों के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि 9 माह की मोहलत दी जाती है तो सभी दुग्ध व्यवसायी महाराष्ट्र सरकार एवं एफडीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वयं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर नियमों का पूर्ण पालन कर सकेंगे।

महाराणा विश्वराज सिंह की इस पहल का मेवाड़ मूल के प्रवासी दुग्ध व्यवसायियों एवं समाजजनों ने स्वागत करते हुए इसे उनकी संवेदनशील कार्यशैली और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक बताया है। समाज के लोगों ने कहा कि प्रवासी परिवारों की आजीविका और हितों की रक्षा के लिए समय रहते उठाई गई यह पहल हजारों परिवारों के लिए राहत की उम्मीद लेकर आई है।

## बाल वाहिनी समिति की बैठक, विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में जिला बाल वाहिनी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निजी विद्यालयों के संचालकों, बस ऑपरेटरों, टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खीवसिंह राठौड़ ने विद्यालयों में सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था तथा छुट्टी के समय विद्यार्थियों को परिसर के भीतर से ही वाहनों में बैठाने के निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी मनीष माथुर ने बाल वाहिनी से जुड़े नवीन प्रावधानों की जानकारी दी। बैठक में बिना ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट के दोपहिया वाहन से विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों पर कार्रवाई तथा नाबालिगों के वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन जब्त कर अभिभावकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# मिशन हरियालो राजस्थान के तहत विद्यालय में 151 पौधे लगाए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**प्रतापगढ़।** मिशन हरियालो राजस्थान के तहत ग्राम पंचायत कुलथाना के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सन्नोटी में सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार, कार्मिकों और विद्यार्थियों ने मिलकर 151 पौधे लगाए तथा पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यवाहक प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश रैदास ने बताया कि विभागीय लक्ष्य के अनुसार एक विद्यार्थी-एक पेड़ अभियान के तहत नीम, आंवला, शीशम, करंज, गुलमोहर, कचनार, अमलतास, जामुन, अमरूद, आम और सीताफल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

## सरकारी छात्रावासों में गेस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन आमंत्रित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने जिले के राजकीय छात्रावासों में विद्या संबल योजना के तहत अस्थायी गेस्ट फैकल्टी नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित विषय विशेषज्ञ कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी, विज्ञान और गणित विषयों की कोचिंग देंगे। सहायक निदेशक डॉ. टी.आर. आमेटा ने बताया कि निर्धारित योग्यता रखने वाले सेवानिवृत्त कार्मिक एवं निजी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित गेस्ट फैकल्टी को नियमानुसार प्रति घंटे के आधार पर मानदेय दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बड़ा संदेश: अनुसूचित जाति-जनजाति की सुरक्षा और सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एससी-एसटी वर्ग के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा संवेदनशील मामलों की त्वरित जांच कर समय पर न्याय सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों के कारण वर्ष 2023 की तुलना में 2025 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार के मामलों में लगभग 28 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। साथ ही अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में लगभग 68 प्रतिशत प्रकरणों का 60 दिन के भीतर निस्तारण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 45 पुलिस जिलों में एससी-एसटी सेल स्थापित किए जा चुके हैं और शेष जिलों में भी इन्हें शीघ्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने पुलिस और अभियोजन विभाग को बेहतर समन्वय के साथ कार्य कर दोषसिद्धि की दर बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने और पीड़ितों को अधिनियम के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023 में 60 दिन के भीतर केवल 35.16 प्रतिशत मामलों का निस्तारण होता था, जो वर्ष 2025 में लगभग 47 प्रतिशत और जुलाई 2026 तक बढ़कर 67.88 प्रतिशत हो गया है। वहीं मामलों के निस्तारण का औसत समय 128 दिन से घटकर 53 दिन रह गया है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला एवं उपखंड स्तर की सतर्कता समितियों की नियमित बैठकें आयोजित की जाएं तथा पंचायत स्तर पर भी वर्ष में दो बार बैठकें हों। उन्होंने हेल्पलाइन, हेल्पडेस्क और शिकायत पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान और राष्ट्रीय हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के शीघ्र निस्तारण पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में सामाजिक न्याय, गृह, पुलिस और अभियोजन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित आयोगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संपर्क पोर्टल की शिकायतों में औपचारिक नहीं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें: जिला कलेक्टर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में पूरी गंभीरता बरती जाए। केवल औपचारिक जवाब देकर प्रकरण बंद करने के बजाय सभी आवश्यक दस्तावेजों एवं कार्रवाई का विस्तृत विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलने के साथ पूरी कार्रवाई की जानकारी भी प्राप्त हो सके।

मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के मिनी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल, समीक्षा पोर्टल, प्रधानमंत्री प्रकोष्ठ, मुख्यमंत्री प्रकोष्ठ तथा विभिन्न आयोगों में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक की शुरूआत में जिला कलेक्टर ने जिले में नवपदस्थ अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया तथा सभी अधिकारियों को अपने मोबाइल में संपर्क ऐप डाउनलोड कर नियमित रूप से प्रकरणों की निगरानी करने और निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### औपचारिक जवाब नहीं, कार्रवाई का पूरा रिकॉर्ड करें अपलोड

जिला कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान शिकायतों के अच्छे एवं कमजोर निस्तारण के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि जिन मामलों में शिकायतकर्ता को राहत प्रदान की गई है, उनसे संबंधित आदेश, पत्रावलियां एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज भी पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। इससे शिकायतकर्ता को कार्रवाई की पूरी जानकारी मिलेगी और प्रशासन के प्रति उसका विश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने केवल औपचारिक जवाब देकर शिकायतें बंद करने वाले अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

**साप्ताहिक समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों पर जताई गंभीरता, हरियालो राजस्थान अभियान की प्रगति भी परखी**

#### राज्य एवं केंद्र स्तर के लंबित मामलों की भी हुई समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री प्रकोष्ठ, मुख्यमंत्री प्रकोष्ठ, विभिन्न आयोगों, जिला स्तरीय जनसुनवाई तथा सतर्कता समिति से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। साथ ही अंतर्विभागीय विषयों के त्वरित निस्तारण के लिए विकसित समीक्षा पोर्टल पर दर्ज मामलों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण पर संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड करने और लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### हरियालो राजस्थान अभियान में लाएं तेजी

बैठक के दौरान हरियालो राजस्थान अभियान की भी समीक्षा की गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बारिश में आए अंतराल के कारण पौधारोपण की गति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब वर्षा शुरू होने के साथ अभियान में तेजी लाई जाएगी। जिला कलेक्टर ने विभागवार आवंटित लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण कराने तथा लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो-टैगिंग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह राठौड़, गिर्वा उपखंड अधिकारी अवुला सांईकृष्ण, भू-प्रबंधन अधिकारी लतिका पालीवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना में बड़गांव उपखंड के ग्राम मोहनपुरा (पटवार मंडल



चीरवा) स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। संयुक्त अभियान में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राजस्व विभाग, उदयपुर विकास प्राधिकरण और पुलिस विभाग की टीम ने भाग लिया। प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर एक दर्जन से अधिक अवैध अतिक्रमण चिह्नित कर उन्हें हटाया। बड़गांव उपखंड अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजन से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### वानस्पतिक बीज बैंक कार्यशाला आयोजित, सामुदायिक भागीदारी पर जोर

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पंचायत समिति गिर्वा सभागार में वानस्पतिक बीज बैंक की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में उदयपुर, सलूंबर, प्रतापगढ़ एवं बांसवाड़ा जिलों के ग्राम विकास अधिकारी



और बीज गुणियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय बीजों के संरक्षण, संग्रहण, प्रसंस्करण एवं भंडारण की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता अतुल कुमार जैन ने कहा कि सफल बीज संग्रहण एवं पुनर्जनन के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है तथा इसमें बीज गुणियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीज गुणियों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

### कनिष्ठ विधि अधिकारी परीक्षा-2025 के लिए जिला स्तरीय परीक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित कनिष्ठ विधि अधिकारी परीक्षा-2025 (जयपुर विकास प्राधिकरण) के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा का आयोजन 26 एवं 27 जुलाई, 2026 को प्रतिदिन दो पारियों में प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तथा दोपहर 2:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जाएगा। जिला कलक्टर संदेश नायक के आदेशानुसार परीक्षा के सफल संचालन एवं समन्वय के लिए कलक्ट्रेट जयपुर के कक्ष संख्या 116 में जिला स्तरीय परीक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 24 एवं 25 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा 26 एवं 27 जुलाई को प्रातः 7 बजे से परीक्षा समाप्ति तक संचालित रहेगा। जिला स्तरीय परीक्षा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 निर्धारित किया गया है। जिला कलक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन के लिए समन्वय बनाए रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### पेयजल आपूर्ति व जनसुविधाओं पर जिला कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर देशलदान ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध



पेयजल आपूर्ति, प्रभावी मॉनिटरिंग और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पाइपलाइन लीकेज का त्वरित समाधान, विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। बैठक में हरियालो राजस्थान अभियान, ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर, अतिक्रमण हटाने, नालों की सफाई तथा जन परिवेदना पोर्टलों पर दर्ज शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश भी दिए गए।

---

राजस्थान के विकास, सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन और निवेश को नई दिशा देने पर हुआ मंथन

# मुंबई में गूंजा मेवाड़ का गौरव: राजस्थान फाउंडेशन ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का किया भव्य अभिनंदन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मुंबई।** आर्थिक राजधानी मुंबई में राजस्थान की संस्कृति, गौरव और सामाजिक सरोकारों का प्रेरक संगम उस समय देखने को मिला, जब राजस्थान फाउंडेशन मुंबई चैप्टर के अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी गणपत कोठारी ने मेवाड़ राजवंश के 77वें संरक्षक, उद्योगपति, समाजसेवी एवं परोपकारी व्यक्तित्व डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का भव्य अभिनंदन किया। आत्मीय वातावरण में संपन्न यह शिष्टाचार भेंट राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकजुटता और विकास के साझा संकल्प का सशक्त प्रतीक बन गई।

राजस्थानी परंपरा के अनुरूप गणपत कोठारी ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का राजस्थानी शॉल, श्री यंत्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर दोनों के बीच राजस्थान के समग्र विकास, सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, पर्यटन संवर्धन, औद्योगिक निवेश, प्रवासी राजस्थानियों की भूमिका तथा समाजहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

#### राजस्थान की पहचान को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने का संकल्प

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि राजस्थान केवल अपनी ऐतिहासिक विरासत के कारण ही नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, परंपराओं, लोककलाओं और सामाजिक मूल्यों के कारण भी विश्वभर में विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि से जोड़ने और प्रदेश की सांस्कृतिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए राजस्थान फाउंडेशन जैसी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाजहित, सांस्कृतिक संरक्षण और जनकल्याण के कार्यों में मिलकर आगे बढ़ने का विश्वास व्यक्त किया।

#### गणपत कोठारी के प्रयासों की सराहना

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने राजस्थान फाउंडेशन मुंबई चैप्टर द्वारा प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर जोड़ने, सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा राजस्थान के हितों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से स्थापित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति और विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

#### गणमान्य हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर मुंबई के प्रतिष्ठित समाजसेवी हीरा भाई देवासी, रुपेश कोठारी, पुष्कर साहू, पूरण सागर, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश पुरोहित, बलविंदर सिंह, गोविंद सरतरा सहित अनेक उद्योगपति, फिल्म जगत के प्रतिनिधि, पत्रकार, राजनीतिक क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति तथा बैंकिंग क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और जनसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। यह अभिनंदन समारोह केवल एक औपचारिक भेंट नहीं रहा, बल्कि राजस्थान की संस्कृति, सामाजिक एकता, विकास और जनसेवा के प्रति साझा संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला प्रेरणादायी अवसर बन गया। मुंबई की धरती पर मेवाड़ की गरिमा और राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान को मिला यह सम्मान प्रवासी राजस्थानियों के लिए भी गर्व का विषय रहा।

---

# विप्र फाउंडेशन द्वारा प्रियंका शर्मा का विप्र गौरव सम्मान से किया अभिनंदन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल।** शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली सुश्री प्रियंका शर्मा का उनके निवास पर विप्र फाउंडेशन जालोर द्वारा विप्र गौरव सम्मान पत्र एवं दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि प्रियंका शर्मा विद्यालय एवं महाविद्यालय दोनों स्तरों पर टॉपर रही हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा, परिश्रम एवं उत्कृष्ट उपलब्धियों से ब्राह्मण समाज का मान, गौरव एवं प्रतिष्ठा बढ़ाई है। इसके साथ ही उन्होंने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के विकास हेतु तीन लाख सत्तर हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका यह योगदान विद्यालय के विकास तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने वाला प्रत्येक व्यक्ति समाज के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सुश्री प्रियंका शर्मा का यह प्रेरणादायी एवं समाजहित में किया गया कार्य निश्चित रूप से अन्य लोगों को भी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नेनसिंह राजपुरोहित, संरक्षक पवन दाधीच, जिला मंत्री पोखरमल दाधीच, जिला मंत्री किशोरसिंह राजपुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप भट्ट, युवा जिलाध्यक्ष पवन दवे, जोगेश ओझा, युवा महामंत्री चारुल शर्मा, दिनेश भट्ट, भावना वैष्णव सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे। विप्र फाउंडेशन जालोर परिवार ने सुश्री प्रियंका शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर समाजसेवा के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की। यह सम्मान समारोह समाज में शिक्षा, सेवा एवं संस्कार के प्रति समर्पित व्यक्तित्वों को सम्मानित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में सराहा गया।

---

## सलूम्बर थाना बना सीख और सुरक्षा का केंद्र: 20 किशोरियों ने जाना पुलिस व्यवस्था और अपने कानूनी अधिकार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** महिला अधिकारिता विभाग एवं विशाखा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, थाना सलूम्बर द्वारा सोमवार को 20 किशोरियों के लिए थाना भ्रमण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को पुलिस व्यवस्था, महिला सुरक्षा कानूनों, कानूनी अधिकारों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाकर उनमें आत्मविश्वास विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान थानाधिकारी मुकेश नागदा ने किशोरियों का स्वागत करते हुए उन्हें पुलिस थाना की कार्यप्रणाली, विभिन्न शाखाओं, पुलिस के दायित्वों तथा आमजन को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है। किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में बिना किसी भय और संकोच के पुलिस से संपर्क करना चाहिए।

#### घरेलू हिंसा, पॉक्सो और साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी महेंद्र सिंह ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी देते हुए घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा अपराध की स्थिति में सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने किशोरियों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

#### आत्मविश्वास के साथ अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश

विशाखा संस्था के कार्यकर्ता रिंकू चौहान, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सामाजिक परामर्शदाता नेहा गोयल तथा विधिक परामर्शदाता भावना सुथार ने किशोरियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या भेदभाव का साहसपूर्वक सामना करने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में किशोरियों ने थाना भ्रमण को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें पुलिस व्यवस्था, कानून और महिला सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं एवं बालिकाओं के कानूनी सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

## सलूंबर में माय भारत अभियान को मिलेगी नई रफ्तार



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर ।** जिले में माय भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में युवाओं की अधिकतम भागीदारी, विभागीय समन्वय तथा आगामी गतिविधियों के प्रभावी संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला युवा अधिकारी समीर खान ने माय भारत पोर्टल की कार्यप्रणाली, ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया तथा 1 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक चलाए जा रहे विशेष पंजीकरण अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अधिक से अधिक युवाओं को पोर्टल से जोड़ने के लिए जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर व्यापक स्तर पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बैठक में जिला सलाहकार समिति एवं जिला संचालन समिति (उ्रउ) के गठन, प्रत्येक महाविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थान में नोडल अधिकारी एवं ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक पंजीकरण अभियान पहुंचाने तथा सभी विभागों के माध्यम से युवाओं का अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान में युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा 'नशामुक्त युवाझ्विकसित भारत' अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. सापेला ने शिक्षा विभाग, कॉलेज शिक्षा विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, युवा मंडलों एवं शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े युवाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकाधिक युवाओं को माय भारत पोर्टल से जोड़कर उन्हें राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाए।

---

# ग्रामीण सेवा शिविर बना महिला सशक्तिकरण का सशक्त मंच

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**कोटड़ा।** ब्लॉक कोटड़ा की ग्राम पंचायत गऊपिपला में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए जागरूकता, कानूनी परामर्श और सरकारी योजनाओं की जानकारी का प्रभावी मंच बना। जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रूरल हेल्थ एजुकेशन संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, थाना कोटड़ा की ओर से आयोजित शिविर में महिलाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों, कानूनी संरक्षण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर के दौरान महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सामाजिक परामर्शदाता लक्ष्मी गरासिया ने महिलाओं एवं बालिकाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम (ढडउरड), सखी वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को पॉक्सो कानून के प्रावधानों, बाल संरक्षण, गुड टच-बैड टच और किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में तुरंत सहायता लेने के बारे में जागरूक किया।

#### महिला की शिकायत का समाधान बना विश्वास की मिसाल

लक्ष्मी गरासिया ने बताया कि 12 जुलाई को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान एक महिला की शिकायत प्राप्त हुई थी। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, कोटड़ा थाना द्वारा मामले का त्वरित निस्तारण करते हुए आवश्यक राहत प्रदान की गई। ग्रामीण सेवा रिव्यू शिविर में महिला का फॉलो-अप भी लिया गया, जिसमें उसने बताया कि अब उसे किसी प्रकार की समस्या नहीं है। इस सकारात्मक परिणाम से क्षेत्र की महिलाओं में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के प्रति विश्वास और जागरूकता दोनों बढ़े हैं।

उन्होंने बताया कि केंद्र में आने वाले पारिवारिक विवादों का समाधान पति-पत्नी के बीच संवाद, समझाइश और आपसी सहमति के माध्यम से कराने का प्रयास किया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के साथ न्यायालयीन प्रक्रिया में भी मार्गदर्शन दिया जाता है।

लक्ष्मी गरासिया ने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि जागरूक महिला न केवल स्वयं सशक्त बनती है, बल्कि परिवार और समाज को भी सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। उन्होंने किसी भी प्रकार के अत्याचार, उत्पीड़न या भेदभाव की स्थिति में चुप नहीं रहने तथा तत्काल कानूनी सहायता लेने की अपील की।

#### सरकारी योजनाओं और माहवारी स्वच्छता पर भी किया जागरूक

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला सुपरवाइजर विजयलक्ष्मी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना तथा पूरक पोषाहार योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए महिलाओं को इनके उद्देश्य और लाभों से अवगत कराया। साथ ही माहवारी स्वच्छता पर चर्चा करते हुए किशोरियों एवं महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन के नियमित उपयोग तथा व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लंका देवी एवं सहायिका गीतादेवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बालिकाएं और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

## पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए 2001 बैच का सिल्वर जुबली मिलन समारोह संपन्न

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वर्ष 2001 एमबीए बैच का दो दिवसीय सिल्वर जुबली मिलन समारोह द ललित लक्ष्मी विलास पैलेस में आयोजित हुआ। इसमें भारत और विदेश से आए 25 पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर 25 वर्ष पुरानी यादें साझा कीं। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, टीम गेम्स और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट मनीष डाड ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को एक मंच पर लाकर आपसी संबंधों को मजबूत करना था। प्रतिभागियों ने भविष्य में भी ऐसे मिलन समारोह आयोजित करने का संकल्प लिया।

## 35 मिलियन डॉलर के क्रिप्टो घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

**बेंगलुरु @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिप्टो निवेश घोटाले में बेंगलुरु सहित



कई स्थानों पर छापेमारी कर 8,700 यूएसडीटी मूल्य की क्रिप्टो परिसंपत्तियां, डिजिटल उपकरण और महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किए हैं। मामला दक्षिण अंडमान साइबर क्राइम पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने रियायती दर पर क्रिप्टो टोकन देने का झांसा देकर विदेशी निवेशकों से करोड़ों डॉलर की ठगी की।

## पीएम-अजय योजना में स्वरोजगार के लिए मिलेगा ऋण व अनुदान

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र व्यक्तियों एवं समूहों को स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में स्वीकृत ऋण पर परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। योजना के तहत किराना, डेयरी, ई-मित्र, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, रेडीमेड गारमेंट्स सहित विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के लिए ऋण उपलब्ध होगा।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।